लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4487

20 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

समर्थ योजना

4487. श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में अब तक समर्थ योजना के अंतर्गत लाभान्वित लोगों की पश्चिम बंगाल सहित राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

एकीकृत कौशल विकास योजना (आईएसडीएस)के तहत बंगाल राज्य में कुल 61383 व्यक्ति प्रशिक्षित किए गए जिनमें से 47039 को रोजगार प्रदान किया गया। संपूर्ण देश में एकीकृत कौशल विकास योजना (आईएसडीएस) के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। इसके अलावा वस्त्र मंत्रालय ने समर्थ – 'वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण हेतु योजना' के तहत राज्य सरकार सहित पश्चिम बंगाल में स्थित वस्त्र उद्योगों से पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षण संचालित करने हेतु योजना में भाग लेने के लिए अनुरोध किया है। अभी तक पश्चिम बंगाल में समर्थ योजना के तहत 6 प्रशिक्षण केंद्र प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत किए गए हैं।

वस्त्र क्षेत्र हेतु विशेष रूप से वस्त्र क्षेत्र में सभी क्षेत्रों में कुशल और प्रशिक्षित श्रम शक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सुदृढ़ मानव संसाधन का निर्माण करने की दृष्टि से वस्त्र मंत्रालय वित्तीय वर्ष 2010-11 से विभिन्न कौशल विकास योजनाएं तथा कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है।

व्यापक एकीकृत कौशल विकास योजना (आईएसडीएस) के तहत वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2017-18 के दौरान वस्त्र तथा अपैरल, पटसन, कताई, बुनाई, तकनीकी वस्त्र, रेशम उत्पादन, हथकरघा तथा हस्तशिल्प सहित वस्त्र क्षेत्र के कई विविध क्षेत्रों में कुल 11.14 लाख व्यक्ति प्रशिक्षित किए गए हैं। आईएसडीएस में प्रशिक्षण में महिला (71.27%), अनुसूचित जाति (20.82%), अनुसूचित जनजाति (6.9%) तथा दिव्यांगजन (0.28%) जैसे समाज के सभी तबकों को व्यापक रूप से शामिल करते हुए देश के 33 राज्यों और संघ राज्यों को भी शामिल किया गया। प्रशिक्षित हुए 11.14 लाख व्यक्तियों में से 8.43 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

इसे आगे जारी रखते हुए वस्त्र मंत्रालय ने वस्त्र क्षेत्र (संगठित क्षेत्र में कताई और बुनाई में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित होने वालों को छोड़कर) की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला हेतु 1300 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय सहित 10 लाख व्यक्तियों के लक्ष्य के साथ समर्थ - वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना नामक कौशल विकास कार्यक्रम को विस्तारित किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा

पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या को प्रौद्योगिकी तथा घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के बाजार मांग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत बनाया गया है।

वस्त्र मंत्रालय ने पहले ही लगभग 4 लाख व्यक्तियों को शामिल करते हुए 18 राज्यों से 21 सरकारी एजेंसियों और क्षेत्रीय संगठनों के साथ प्रवेश स्तरीय प्रशिक्षण तथा वस्त्र मूल्य श्रृंखला के पारंपरिक तथा संगठित क्षेत्रों दोनों में रोजगार सृजन हेतु भागीदारी की है।

इसके अलावा उद्योगों/उद्योग एसोसिएशनों को लगभग 1.5 लाख लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित किया गया है। वैश्विक बाजार में उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए अपैरल और गारमेंटिंग क्षेत्र में कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

अनुबंध-।

एकीकृत कौशल विकास योजना (आईएसडीएस) के तहत राज्य-वार उपलब्धि

क्र.सं.	राज्य	प्रशिक्षित व्यक्ति
1.	आंध्र प्रदेश	96017
2.	असम	5593
3.	अरूणाचल प्रदेश	723
4.	बिहार	28748
5.	चंडीगढ़	131
6.	छतीसगढ़	11741
7.	दादर एवं नागर हवेली	174
8.	दमन एवं दीव	585
9.	दिल्ली	19477
10.	गुजरात	111166
11.	हरियाणा	53966
12.	हिमाचल प्रदेश	1660
13.	जम्मू एवं कश्मीर	3625
14.	झारखंड	11543
15.	कर्नाटक	127676
16.	केरल	7838
17.	मध्यप्रदेश	80015
18.	महाराष्ट्र	37017
19.	मणिपुर	4268
20.	मेघालय	921
21.	मिजोरम	59
22.	नागालैंड	79
23.	ओडिशा	43085
24.	पुद्दुचेरी	989
25.	पंजाब	10837
26.	राजस्थान	53170
27.	सिक्किम	526
28.	तमिलनाडु	179350
29.	तेलंगाना	36404
30.	त्रिपुरा	8627
31.	उत्तर प्रदेश	116671
32.	उत्तराखण्ड	481
33.	पश्चिम बंगाल	61383
	कुल	**1114545**

*****